# मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे



**शहडोल, देशबन्धु।** यहां गिट्टी से भरी एक मालगाड़ी (बीओबी) बेपटरी हो गई जिससे इस मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। पटरी से डब्बे गिर जाने के कारण अप लाइन सहित तीसरी लाइन प्रभावित हो गई जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के शहडोल ट्रैक में पोंडा नाला के पास की है।

बिलासपुर-कटनी रेल खंड के बीच शहडोल रेलवे यार्ड से निकल रही एक मालागाड़ी (बी ओ बी) रविवार को बेपटरी हो गई। जिसके बाद वहां गहमा गहमी का माहौल बन गया। मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त जानकारी स्थानीय रेल प्रबंधन पहुंची। जिसके बाद अधिकारी कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य शुरू कर दिया।

मालगाड़ी के पटरी से उतरने से बिलासपुर से चलकर कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनें जिसमें नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन भी प्रभावित हुई है। नर्मदा एक्सप्रेस बुढ़ार स्टेशन में 2 घंटे खड़ी रही। शहडोल रेल क्षेत्रीय प्रबंधक आर एस मोहंती ने बताया कि सुधार कार्य कर यातायात को जल्द ही बहाल कर लिया गया।

# प्रत्येक दृष्टि से हमेशा समृद्ध रहा मध्य प्रदेश

**शहडोल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के मानस भवन में आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया तथा विधायक ने राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जैतपुर जय सिंह मरावी ने जिले वासियों को मध्य प्रदेश स्थापना की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले में लक्ष्य निर्धारित कर आगे कार्य करते रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामा शंकर ने कहा कि मध्य प्रदेश की संस्कृति इतिहास और विरासत पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे संस्कृति हो, चाहे ऐतिहासिक हो हमारा अपना मध्यप्रदेश प्रत्येक दृष्टि से हमेशा बहुत ही समृद्ध रहा है तथा महाकाल एवं ओंकारेश्वर का प्रदेश है। यहीं पर कृष्ण और बलराम को वेदों और उपनिषदों का ज्ञान दिया गया?, ऐसी बौद्धिक विरासत हमारे मध्य प्रदेश की है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात पर विचार करना चाहिए की 2047 तक हमारा देश एवं प्रदेश कैसा होगा, प्रदेश की क्या छवि होगी, इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य व्यवस्था, आर्थिक व्यवस्था तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति इन सब विषयों पर भी ध्यान देना चाहिए। समारोह को अशासकीय विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष भरत शरण सिंह ने भी संबोधित किया।



## स्थापना दिवस पर आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि 29 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस एवं एकता दौड़ (रन फॉर युनिटी) एवं शपथ कार्याक्रम का आयोजिन किया गया, 30 अक्टूबर को जिले भर में प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों के हितग्राहियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा 11 दीपक, मिष्ठान एवं फूलमाला भेंटकर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने अन्य गतिविधियों की भी जानकारी दी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतिया दी गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, अध्यक्ष नगर पालिका शहडोल घनश्याम जायसवाल, आईजी अनुराग शर्मा, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल सहित अन्य अधिकारी व काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे ने किया।

## सार-समाचार

### 69वें मप्रस्थापना दिवस पर नपा पाली ने मरीजों को बांटे फल एवं मिठाई

**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्ध।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में नगरपालिका परिषद पाली की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान के नेतृत्व में आज अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल और मिष्ठान वितरित कर मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की गई । इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के सम्मानिय पार्षद श्रीमती अंजू पटेल,, स्वच्छता शाखा की सभापति श्रीमती प्रमिला जगवानी, श्रीमती सोना सिंह, श्रीमती सविता सिंह, पार्षद भरत प्रजापति, घनश्याम कुशवाहा, पूर्व पार्षद ओंकार प्रसाद विश्वकर्मा, राहुल सिंह जी मलेरिया सलाह कार अवधेश विश्वकर्मा, एस बी एम सब नोडल इंजी विपिन कुमार विश्वकर्मा, स्वच्छता वार्ड प्रभारी मोनू जयसवाल,के साथ समस्त जनप्रतिनिधि के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के खंड चिकित्सा अधिकारी डां विनय जैन, स्टोर इंचार्ज आर एस विश्वकर्मा की सराहनीय उपस्थित में मरीजों को फल और मिष्ठान वितरित कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई ।

### सेवानिवृत कर्मचारियों को कोल इंडिया ने दी सम्मान पूर्वक विदाई



**चचाई/अमलाई, देशबन्धु।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में बीते 31 अक्टूबर को कोयला खदानों से सेवानिवृत हुए 15 कर्मचारियों का मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर ऑफिसर क्लब में शाम 5 बजे से उनका सम्मान करते हुए विदाई की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिरुद्ध सिंह प्रभारी महाप्रबंधक और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक बलराम हेमराम रहे। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को बारी-बारी से स्टेज पर बुलाकर उन्हें मुख्य अतिथि ने पगड़ी पहनाते हुए श्रीफल और शाल गिफ्ट देकर सम्मान किया। कर्मचारियों के साथ उनके परिवार और बच्चे भी शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने सभी को संबोधित करते हुए सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि अब रिटायर के बाद आप लोग जीवन की नई पारी खेलें जिसमें रिटायर के बाद भी कोल इंडिया के बहुत सारे स्कीम हैं जो आपके जीवन में काम आते रहेंगे विशेष कर मेडिकल सुविधा के साथ अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दिया और कहा कि कोल इंडिया में 30 से 40 साल तक लगातार सफल पूर्वक अपने जो सेवा किया जिसके लिए कोल इंडिया आपको धन्यवाद देता है विशिष्ट अतीथी ने भी सभी कर्मचारी को उनके दिए गए सेवाकाल के दौरान सहयोग पर भूरी भूरी प्रशंसा की। सेवा निवृत होने वाले कर्मचारी जिसमें प्रदुम नारायण सोनी प्रबंधक खनन एवं दीपक कुमार रावत अकाउंटेंट, जितेंद्र सिंह, निर्मला सिंह, रईस प्रसाद ,मोहम्मद हदीस दिग्विजय सिंह, शकुंतला देवी, सावित्री देवी, अजय कुमार सिंह जय प्रकाश मिश्रा ,लक्ष्मीकांत पांडेय, राकेश कुमार मिश्रा, सुखी राम और अशोक कुमार कर्मचारी रहे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक शानदार संचालन सुरेश कुमार कार्मिक प्रबंधक ने किया ।

### औल्याकन्हार में चौथी मंडई को रात्रि में होगा दो महिला सायरों का जंगी मुकाबला

**लालबर्रा, देशबन्धु।** नगर मुख्यालय से सटी ग्राम औल्याकन्हार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 5 नवम्बर दिन मंगलवार को चौथी मंडई का भव्य आयोजन होना है,प्रेस को जानकारी देते हुए मंडई समीति अध्यक्ष श्री धनेन्द्र पटले ने बताया कि उक्त आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुर्व में अति आवश्यक बैठक पंचायत के सभा कक्ष में आहुत की गई थी जिसमें सभी ग्रामीण जनों से आपसी चर्चा की गई। चर्चा में मंडई दिन रात की होना है इसी संबंध में रात्रि कालीन प्रोग्राम के लिए दो महिलाओं का मुकाबला होना तय किया गया। जिसमें मां त्रिवेणी जागरण ग्रुप बालाघाट गायिका कु. दीपिका लिल्हारे व मां दुर्गा शायरी मंडल सालेटेका गायिका श्रीमती आशा रनगिरे है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति इस प्रकार से है धनेन्द्र पटले अध्यक्ष,मुकेश चौहान उपाध्यक्ष,अरुण बिसेन उपाध्यक्ष,राकेश नागेश्वर उपाध्यक्ष,राजेश बनवाले उपाध्यक्ष,शरद धानेश्वर सचिव, तपेश रंगारे सहसचिव, सुशील ब्रम्हें कोषाध्यक्ष तथा संरक्षकगण में ओ पी बिसेन चेयरमैन औल्याकन्हार फिजिकल क्लब व सरपंच प्रतिनिधि,छन्नूलाल कटरे, वहीं सदस्यों में प्रमुख रूप से सुरेश नागेश्वर,आकाश ब्रम्हें,संतोष सोनवाने,महेन्द्र चौहान,दीपक यादव,दीपक वराड़ें,विजय नागेश्वर,शिवप्रसाद राणा,रोहित हरिद्वाज,संदीप गुनेश्वर,कमल मेश्राम,रविशंकर यादव,सनम ब्रम्हें,राजा हरिद्वाज,लल्ला मेश्राम,मंगल सहारे,शीतल ब्रम्हें हैं जिसमें समिति अध्यक्ष श्री पटले ने अपील करते हुए कहा कि इस दिन रात के मंडई -मेलें में दुकानदार भाई अपनी अपनी दुकान लेकर पहुंचे,झुलेवालें, सहित अन्य सभी लोग सादर पुर्वक आमंत्रित हैं।

## वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ नेशनल पार्क में 10 हाथियों की मौत की हकीकत जानने मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के निर्देश पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसीएस अशोक वर्णवाल, हेड आफ फारेस्ट असीम श्रीवास्तव, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अनिल अम्बाडे,प्रभारी कमिश्नर बी एस जामोद, पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन अनुराग शर्मा, प्रभारी क्षेत्र संचालक बीटीआर अमित दुबे, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, डिप्टी डायरेक्टर पी के वर्मा, एन टी सीए, एसटीएसएफ, तथा डब्ल्यू सीसीबी टीम भी साथ थे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने जांच टीम के साथ बांधवगढ़ नेशनल पार्क में जहाँ घटना घटी है, सलखनिया ग्राम का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। वन राज्य मंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि हाथियों की मौत के सभी संभावित कारणों को ध्यान में रखते घटना स्थल का भ्रमण किया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही अंतिम निष्कर्ष पर पहुँच सकेंगे।

## नगर में सज रहे जुआफड़, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपावली पर दीपक जगमगाने के साथ ही लोगों ने अपनी किस्मत जगमगाने का काम भी खूब किया ।



इसमें किसी की किस्मत जगी हो चाहें नहीं जुआ खिलाने वाले के भाग्य का दरवाजा खुल गया है। यद्यपि दबे पैर चलने वाले इस खेल की खिलखिलाहट की गूंज दूर तक सुनाई दे रही है। बताया जाता है कि बाबन परी का यह खेल सत्ता धारी दल के एक नेता के द्वारा खिलाया जा रहा है। बताया जाता है कि इस बाबत उक्त नेता व्दारा स्थानीय पुलिस महकमा से संबंध स्थापित करने की असफल कोशिश की गयी थी, जिस पर पुलिस ने हाथ खड़े कर दिए थे फिर भी जुआं खिलाने के आदियों ने पुलिस की नहीं मानी। अलबत्ता पुलिस ने नौरोजाबाद के नगर के अंदर खुले रूप से चल रहें और आसपास के क्षेत्रों में कही भी धरपकड़ की कार्यवाही न किये जाने से जुआं खिलाने वालो की पौ बारह बना हुआ है। उमरिया जिले में पिछले दिनों चंदिया थाना और पाली क्षेत्र के घुनघुटी में जुआं खिलाने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की खबरें प्रकाश में आयी थी, जिसे लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है कि पुलिस छोटी-मोटी कार्यवाही कर दीपावली का सगुन कर ली है, जबकि बड़े फंडों में हाथ ही नहीं डाला गया ।

उमरिया जिले का पुलिस प्रशासन इन दिनों अपने ,सुस्तपन और भ्रष्ट कार्य शैली के लिए बदनाम हो रहा है। थाना में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर जिले तक बैठे अधिकारियों की कार्यशैली पर लोग सवाल खड़े कर रहें हैं ।?एक समय था कि उमरिया पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आये मामले में उचित कार्यवाही होती थी ,उस पर भी वह धार नहीं रह गयी। जब जिले के आलाकमान पुलिस अधिकारी की हैरतअंगेज सुस्ती से जन मानस में हलचलें मचीं हुई है । संभाग स्तरीय अधिकारियों से जनापेक्षा है कि जुआं जैसे सामाजिक अपराधों पर रोक लगाते हुए उजड़ते परिवारों को बचाने आवश्यक पहल करेंगे ।

## ड्यूटी से घर जा रहे आरक्षक की बाइक भैंस से टकराई, मौत

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह कोतवाली में पदस्थ एक आरक्षक शनिवार रात ड्यूटी से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर एक रेस्टोरेंट के पास उसकी बाइक सड़क पर खड़ी भैंस से टकरा गई। हादसे में आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद एसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में शव को गढ़ाकोटा रवाना किया गया। आरक्षक की असमय मृत्यु से पुलिस विभाग में शोक का माहौल है, क्योंकि वह रात में अपने साथियों से मिलकर ही घर जा रहा था, इस दौरान यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, सागर जिले के गढ़ाकोटा निवासी प्रसून पिता राम चरण खेहुरिया (30) दमोह कोतवाली में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। शनिवार रात ड्यूटी खत्म होने के बाद वे पुलिस लाइन स्थित अपने घर जा रहे थे। होमगार्ड ग्राउंड के पास जबलपुर मार्ग पर बृजवासी रेस्टोरेंट के सामने उनकी बाइक सड़क पर खड़ी भैंस से टकरा गई, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर अन्य पुलिसकर्मी उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई और सीएसपी जिला अस्पताल पहुंचे। शव को अस्पताल के शवगृह में रखवाकर परिजनों को सूचना दी गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी, एएसपी संदीप मिश्रा, सीएसपी अभिषेक तिवारी, लाइन ऑफिसर दिनेश गोस्वामी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने शव पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पुलिस एंबुलेंस के माध्यम से शव को गढ़ाकोटा निवास के लिए रवाना किया गया।

# मनमानी की 108 एम्बुलेंस सेवा, लोगों को नहीं मिल रही सुविधा

**मझौली,देशबन्धु।** प्रदेश सरकार द्वारा किसी भी घटना दुर्घटना अथवा मृत्यु के स्थिति में निशुल्क वाहन पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को मिले जिसके लिए जननी वाहन एवं 108 एंबुलेंस वाहन तैनात किए गए हैं लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली अंतर्गत जरूरतमंद एवं प्रभावित लोगों को मौके पर उक्त वाहनों की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है।बताया जा रहा है कि एम्बुलेंस चालक मनमानी पर उतारू है षडयंत्र रच अपने लोगों से इवेंट लेकर नाजायज कहीं पर खड़े रहते हैं। जो एक तरफ विभाग को वहीं दूसरी तरफ प्रभावित लोगों को भी गुमराह कर रहे हैं।

सूत्रों एवं प्रभावित लोगों के मुताबिक जब दुर्घटना से प्रभावित व्यक्ति को अस्पताल मझौली से जिला अस्पताल रेफर करने के लिए 108 एंबुलेंस वाहन के लिए कॉल किया जाता है तो वह कॉल हेड ऑफिस भोपाल जाता है जहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली के लिए अधिकृत वाहन चालक को सूचना दी जाती है एवं पीड़ित व्यक्ति के पास भी एंबुलेंस चालक का नंबर उपलब्ध कराया जाता है और कहा जाता है कि वाहन चालक से संपर्क करें लेकिन जब प्रभावित व्यक्ति वाहन चालक से संपर्क करते हैं तो भले ही वाहन मझौली




## आमजन के साथ ही विभाग को भी गुमराह कर रहे एम्बुलेंस चालक

में ही कहीं खड़ा हो लेकिन वाहन चालक सीधे कह देते हैं कि अभी दूसरे मरीज को छोड़ने आए हैं तीन से चार घंटा समय लगेगा ऐसे में प्रभावित व्यक्ति के लिए इतना समय इंतजार करना कठिन होता है और मजबूरी में निजी वाहन के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचता है इतना ही नहीं प्रभावित लोगों द्वारा यह भी बताया गया कि अगर वाहन चालक मौके पर उपलब्ध हैं और उन्हें नजराना दे दिया जाता है तो तुरंत चल भी देते हैं ऐसे में सवाल उठता है कि एंबुलेंस वाहन चालकों के नियंत्रण के लिए किसके पास शिकायत की जाए और व्यवस्था में सुधार हो इसके लिए क्या किया जाए। फिलहाल जिन लोगों के लिए वाहन तैनात किए गए हैं उन्हें एंबुलेंस वाहन की सुविधा बहुत कम ही मिल पाती है जिस ओर प्रभावित लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर व्यवस्था सुधार की मांग की है।

*इस प्रकार है वाहनों का लेखा-जोखा*

मिल रही जानकारी के अनुसार मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बात की जाए तो यहां तीन जननी वाहन एवं दो 108 एम्बुलेंस वाहन तैनात हैं लेकिन फोन करने पर कभी वाहन खराब होने का बहाना कभी अन्य मरीज को लाने व ले जाने का बहाना करके टालमटोल कर दिया जाता है जिस कारण कई गंभीर घायल लोगों की मौत हो जाती है और कई गर्भवती महिलाओं की भी वाहन के अभाव में प्राथमिक उपचार समय से न होने पर मौत हो जाती है।

## तेज रफ्तार बस ने कार को मारी जोरदार टक्कर, 50 मीटर बैक दौड़ती रही कार, हादसे का फुटेज आया सामने

**सिंगरौली, देशबन्धु।** सिंगरौली जिले से एक्सीडेंट का दिल दहलाने वाला वीडियो सामने आया है। जहां बस और कार में जोरदार टक्कर हो जाती है, जिसके बाद कार 50 मीटर पीछे दौड़ गई, हादसे में कार में सवार 2 लोग घायल बताए जा रहें हैं। घटना शनिवार की शाम को बरगवां थाने क्षेत्र के परसौना-बरगवां मुख्य मार्ग के गडेडिया में घटित हुई है। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। वीडियो के आधार पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



बताया जा रहा है कि कार में सवार ड्राइवर शनिवार को करीब 5 बजे वाहन मालिक सहदेव वैश्य के दो बच्चों को लेकर बरगवां में घूमने के लिए जा रहा था। जैसे ही गडेडिया में पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार से आ रही बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ब्रेक लगाने के बाद भी कार 50 मीटर पीछे चली गई। इस दौरान कार के एयर बैग खुल गए, जिस वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया, लेकिन कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद बस चालक बस लेकर फरार हो गया। इस हादसे में कार में सवार दोनों बच्चों को चोटें आई है, जिनका इलाज जारी है। इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## कार्रवाई की बात कर रहे अधिकारी

## दबंग की दबंगई आई सामने, सड़क पर ही बना दिया घर

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया-शहडोल एनएच 43 मार्ग पर एक दबंग व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। जहां बीच सड़क पर उसने अपना घर बना लिया। जिसने भी देखा वह दंग रह गया। यह वही सड़क है, जहां से उमरिया और शहडोल से जाने वाले लोग इस मार्ग का प्रयोग करते थे, लेकिन नई सड़क बनने के बाद उस रूट को थोड़ा सा डायवर्ट कर दिया गया, लेकिन जहां पुरानी सड़क बनी थी, वहां देखते ही देखते दबंग व्यक्ति ने कब्जा कर लिया।



दरअसल यह मामला उमरिया जिले के पाली जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुदरिया का है। जहां रामसेवक नामक व्यक्ति ने यहां अपना घर बना लिया है और पूरी सड़क को अपने कब्जे में ले लिया। हैरानी की बात तो यह है कि उमरिया जिले के जिला प्रशासन चाहे कलेक्टर हो य एसडीएम या अन्य अधिकारी किसी भी अधिकारियों की निगाह इस पर नहीं पड़ी। वहीं इस संबंध में नायब तहसीलदार डीएस मरावी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई करेंगे।